# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## चतुर्थ सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-5

18 अग्रहायण, 1933 (श०)
शुक्रवार, तिथि ——————————
09 दिसम्बर, 2011 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या--142

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) ऊर्जा विभाग | .. | .. | 65 |
| (2 स्वास्थ्य विभाग | .. | .. | 55 |
| (3) पर्यटन विभाग | .. | .. | 05 |
| (4) संसदीय कार्य विभाग | .. | .. | 03 |
| (5) आपदा प्रबंधन विभाग | .. | .. | 14 |
| | | कुल योग | 142 |

राशि उपलब्ध कराना

*343. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड अन्तर्गत 8 पंचायत में फरवरी 2011 में अति ओला वृष्टि के कारण व्यापक पैमाने पर रब्बी फसल की क्षति हुई, लेकिन अभीतक किसी भी किसान को सरकारी मुआवजा प्राप्त नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार उपर्युक्त पंचायत के किसानों को मुआवजा की राशि कबतक उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

मान्यता देना

*344. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि देश के केरल राज्य सरकार ने अपने पत्रांक संख्या 4068, दिनांक 8 जून, 2009 तामिलनाडु सरकार स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक सं० 761, दिनांक 2 फरवरी, 2008, कर्नाटक सरकार के स्वास्थ्य विभाग ने अपने पत्रांक सं० 5236, दिनांक 5 सितम्बर, 2010 के द्वारा ए०एन०एम० प्रशिक्षण विद्यालय को पांच वर्ष हेतु मान्यता दी है;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना बिहार के ए०एन०एम० प्रशिक्षण विद्यालय को मात्र एक वर्ष के लिए ही मान्यता देती है;

(3) क्या यह बात सही है कि मुख्य मंत्री, बिहार, पटना के पत्रांक सं० 5510671, दिनांक 13 मई, 2011 के द्वारा प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को ए०एन०एम० प्रशिक्षण विद्यालय को पांच वर्षों हेतु मान्यता देने की दिशा में शीघ्र कार्रवाई करने का आदेश दिया है, लेकिन अभीतक कोई कार्रवाई नहीं किया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक बिहार के ए०एन०एम० प्रशिक्षण विद्यालय को पांच वर्षों हेतु मान्यता देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*345. डॉ० फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बिस्फी प्रखंड के कठैला, पोखर टोला, दुर्जोलिया, असौधू आदि एक दर्जन से अधिक गांवों में आजादी के 65 वर्ष बीत जाने के बाद भी अभीतक विद्युतीकरण का कार्य नहीं हो पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड (1) का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत उक्त गांव में प्राथमिकता के आधार पर विद्युतीकरण का कार्य कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

निजात दिलाना

*346. श्री संजय सिंह ''टाइगर''--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिले के कोइलवर प्रखंड के गांवों क्रमशः तापाजलपुरा तथा सुरौंधा कौलनी एवं मसाढ़ तथा कसाप में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध नहीं होने के कारण निवासियों को अंधेरे में ही गुजर करना पड़ रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि कोइलवर प्रखंड के तापाजलपुरा एवं सुरौंधा कॉलनी में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर हेतु दिनांक 19 मई, 2010, पत्रांक टी/816, दिनांक 8 मार्च, 2011, पत्रांक टी/527 एवं उदवंतनगर प्रखंड के मसाढ़ एवं कसाप ग्राम के अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर हेतु दिनांक 8 दिसम्बर, 2008, पत्रांक टी/156, दिनांक 21 जुलाई 2010, पत्रांक टी/1163 के द्वारा

अधीक्षण अभियंता, आरा ने मुख्यालय पटना को पत्र भेजा है परन्तु अभीतक मुख्यालय ने कोई अपेक्षित कार्रवाई नहीं किया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गांवों में अतिरिक्त ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराते हुए ग्रामीणों को अंधेरे से शीघ्र निजात दिलाने का विचार रखते हैं, यदि हां, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बिजली की आपूर्ति

*347. श्री महेन्द्र बैठा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत पातेपुर प्रखंड में बिजली की आपूर्ति कांटी से लालगंज एवं लालगंज से हाजीपुर तथा हाजीपुर से महुआ होते पातेपुर प्रखंड में होता है, जिससे कांटी से पातेपुर की दूरी 200 कि०मी० हो जाती है, जिसके कारण हमेशा विद्युत बाधित होता रहता है;

(2) क्या यह बात सही है कि पातेपुर से समस्तीपुर मोरवा ग्रीड की दूरी 10 कि०मी० है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पातेपुर प्रखंड के बिजली की आपूर्ति मोरवां ग्रीड से करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन की मरम्मती

*348. डॉ० उषा विद्यार्थी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज अस्पताल का भवन की स्थिति विगत 10 वर्षों से जर्जर है, जिससे वहां रोगियों को इलाज, आदि कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो सरकार मरीजों के हित में उक्त अस्पताल भवन की मरम्मती कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत कनेक्शन दिलाना

*349. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत अगिआंव प्रखंड के पवार गांव के उपभोक्ताओं द्वारा बिजली कनेक्शन के लिए राशि विगत 5-6 वर्षों से जमा की गयी है, लेकिन आजतक कनेक्शन नहीं दिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उपभोक्तओं को विद्युत कनेक्शन दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत की आपूर्ति

*350. श्री प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार शरीफ स्थित पावर ग्रीड से नवादा स्थित पावर ग्रीड तक 132 के०भी० का पोल तार विगत दो वर्ष पूर्व लगाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बिजली लाईन को आजतक चालू नहीं किया गया है, जिससे नवादा जिला की विद्युत आपूर्ति चरमराई हुई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त लाईन को चालू करवाकर नवादा जिला को बिहार शरीफ पावर ग्रीड से विद्युत आपूर्ति करवाने की विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

संवेदक पर कार्रवाई

* 351. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिला के कुमारखंड में पावर सब-स्टेशन बनाने हेतु वर्ष 2008 में निविदा दिया गया एवं संवेदक को सब-स्टेशन बनाने के लिए वर्ष 2009 में जमीन उपलब्ध करा दिया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर सब-स्टेशन को एक वर्ष पूर्व तैयार कर बिजली की आपूर्ति करना था लेकिन आजतक संवेदक द्वारा कार्य पूरा नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निर्धारित समय पर पावर सब-स्टेशन को चालू नहीं कर सकने एवं बिजली की आपूर्ति नहीं करने वाले संवेदक पर कौन-सी कार्रवाई कबतक करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

-------

ट्रान्सफॉर्मर लगाना

* 352. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली एवं मांझा प्रखंडों में निम्न शक्ति के 16 एवं 25 के०भी०ए० का 100 ट्रान्सफॉर्मर पिछले छः महीने से जला हुआ है, जिसके कारण विद्युत आपूर्ति बाधित है तथा आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जले हुए ट्रान्सफॉर्मरों के जगह पर उच्च शक्ति का ट्रान्सफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बिजली का तार लगाना

* 353. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के रफीगंज प्रखंड के उचौली सब-स्टेशन से बलीगांव, भदवा तथा कझपा पंचायत तक सात कि०मी० बिजली के तार की स्थिति अति जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत में बार-बार बिजली का तार टूटने से जान-माल का खतरा बना रहता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त पंचायतों में नया बिजली का तार लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

भवन का जिर्णोद्धार

* 354. श्री विरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वजीरगंज प्रखंड के तरमा उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर अवस्था में होने के कारण चिकित्सा सेवा अवरुद्ध है, यदि हां, तो सरकार कबतक तरमा उप-स्वास्थ्य केन्द्र का जर्जर भवन का जिर्णोद्धार करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

सौन्दर्यीकरण करना

* 355. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम अनुमंडल में माँझर कुंड, सीता कुंड एवं धुआँ कुंड है जहां प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में पर्यटकों का आवागमन होता है लेकिन उक्त धाम एवं कुंडों का विकास एवं सौन्दर्यीकरण के अभाव में पर्यटकों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो इनके विकास एवं सौन्दर्यीकरण हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

--------

दवा उपलब्ध कराना

* 356. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विषैला साँप एवं कुत्ते द्वारा काट लिये जाने पर बचाव हेतु उपचार के लिए गया जिला के गुरारु, गुरुआ, परैया प्रखंड के अस्पताल में जीवन रक्षक सूई नहीं है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सूई के अभाव में पीड़ित मरीज को दम तोड़ देना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार जनहित में जीवन रक्षक दवाइयां उक्त प्रखंड के अस्पतालों में उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

ट्रान्सफॉर्मर लगाना

* 357. श्री अरुण शंकर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के भगवती गहूवर चौक बासोपट्टी के निकट 100 के०भी० का ट्रान्सफॉर्मर 20 वर्ष पहले अवस्थित था, जिसे विभाग द्वारा वहां से हटा दिया गया, फलस्वरूप वहां के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति बाधित है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर 100 के०भी० का ट्रान्सफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

लकवाग्रस्त बच्चों का इलाज

* 358. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 13 अक्तूबर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''मोतिहारी में 442 बच्चे कुपोषण से लकवाग्रस्त'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के करीब 442 बच्चों में एएफपी (एक्यूटर फलेसीड पैरालाइजिम) की पहचान हुई है, जो बीमारी कुपोषण के कारण होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त जिले में तीन वर्षों से एन०आर०पी० (पोषण पुनर्वास केन्द्र) कार्यक्रम चल रहा है, फिर भी उक्त बच्चे कुपोषित पाये गये हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कुपोषण के कारण लकवाग्रस्त बच्चों के इलाज हेतु कौन-सा कारगर कदम उठाने का विचार रखती है ?

--------

विद्युत की आपूर्ति

* 359. श्री कन्हैया कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे की--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत छौराही प्रखंड के एकम्बा पंचायत के शेखा टोला में 300 सौ घर की आबादी है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त टोला के निवासियों द्वारा सन् 2006 ई० में 46 उपभोक्ता द्वारा 355 रु० प्रति उपभोक्ता की दर से विद्युत कनेक्शन लिया गया लेकिन इन्हें आजतक विद्युत आपूर्ति नहीं की जा रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त ग्रामीण जनता को विद्युत आपूर्ति करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

तार बदलना

* 360. श्री राहुल कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वित्तीय वर्ष 2010-11 में 11 के०भी० के जर्जर तारों को बदलने हेतु निर्णय लिया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त निर्णय के विपरीत जहानाबाद जिले के चरूई 33/11 पावर सब-स्टेशन से बंधुगंज-मननपुर, चरूई से गढ़ जलालपुर के 11 के०वी० तार को नहीं बदला गया है,;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त जगहों पर 11 के०वी० तार कबतक बदलने का विचार रखती है ?

--------

पुनर्वास का लाभ

* 361. श्री चन्द्रशेखर--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 18 अक्तूबर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''पीड़ितों की मूल सूची हो गई गायब'' शीर्षक के आलोक में क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे

कि क्या यह बात सही है कि कोशी त्रासदी 2008 के दौरान क्षतिग्रस्त हुए घरों की सूची में सहरसा जिला के पतरघट प्रखण्ड में फेरबदल हुई है, यदि हां, तो क्या सरकार सूची के फेरबदल में शामिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर कार्रवाई करते हुए मूल सूची के आधार पर पीड़ितों को पुनर्वास का लाभ देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

अस्पताल चालू करना

* 362. श्री विनय कुमार सिंह-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखंड के हसनपुर पंचायत के गोपालपुर महदलीचक ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन विगत 7 वर्षो से बनकर तैयार है, लेकिन स्वास्थ्य उप-केन्द्र अस्पताल आजतक चालू नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निर्मित भवन में स्वास्थ्य उप-केन्द्र अस्पताल चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

परिचालन आरंभ करना

* 363. श्री ललन कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत तेघरा पावर स्टेशन (आर०एस०) छ: माह पूर्व बनकर तैयार है लेकिन विद्युत परिचालन आजतक प्रारम्भ नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है?

--------

कनेक्शन दिलाना

* 364. श्री रामदेव महतो--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के राहिका प्रखण्ड के वरदीवन, ब्रह्मपुरा औआड़ा में छः माह पूर्व ट्रांसफॉर्मर लगाया गया किन्तु अभीतक बिजली का कनेक्शन नहीं दिया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक बिजली का कनेक्शन दिलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सुविधा उपलब्ध कराना

* 365. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के टेटिया बम्बर प्रखंड के अन्तर्गत लोहरा ग्राम में आजादी के बाद से अभीतक विद्युत की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम में बिजली की सुविधा उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युतीकरण करना

*366. श्री शालिग्राम यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी विधान-सभा क्षेत्र में राजीव गांधी विद्युतीय योजनान्तर्गत बौरहर, सौनेह, दिधमा, फुलहर, मुसहरी टोला, सिलौनी पंचायत में विद्युतीकरण का कार्य नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित क्षेत्रों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सक का पदस्थापन

*367. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय के परिहारा अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों का पदस्थापन नहीं रहने के कारण वहां के नागरिकों को चिकित्सा सुविधा से वंचित रहना पड़ता है, यदि हां, तो सरकार उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक का पदस्थापन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

राशि खर्च करना

*368. डॉ0 अच्युतानन्द--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के जन्दाहा प्रखंड में ग्रामीण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता योजना के अधीन वर्ष 2010-11 में चार लाख रुपये का आवंटन ग्रामीण जनता को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि पदाधिकारियों की उपेक्षा के कारण पूरे प्रखण्ड में ग्रामीण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति का गठन नहीं होने से उपरोक्त राशि खर्च नहीं की जा सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राशि खर्च नहीं करने के लिए दोषियों पर कार्रवाई करते हुए उपरोक्त राशि को खर्च करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवनों का जीर्णोद्धार

*369. श्री मोतीलाल प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विगत 20 वर्षों से स्थापित है;

(2) क्या यह बात सही है कि इस केन्द्र का भवन तथा चिकित्सक एवं कर्मचारी आवास अत्यंत जर्जर एवं सतह अत्यन्त नीचा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बैरगनिया के भवनों का जीर्णोद्धार एवं सतह का उच्चीकरण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

आवास मुहैया करना

*370. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, आपदा प्रबन्धन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प0 चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड रामनगर के ग्राम बकवा चन्दौल में दिनांक 25 अप्रील, 2010 को भीषण अग्निकांड में 137 घर जलकर राख हो गये थे;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त घटना घटित होने के एक वर्ष बाद भी अभीतक पीड़ित परिवारों को इन्दिरा आवास मुहैया नहीं कराया गया है जिससे वे लोग आज भी खुले आसमान में रहने को विवश हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित पीड़ित परिवारों को इन्दिरा आवास मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूर्ण कराना

*371. श्री ज्ञानचन्द मांझी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत सदर प्रखंड, छपरा के ग्राम जलालपुर, काजीपुर, मानुपुर एवं गरखा प्रखण्ड के ग्राम मिरपुर जुअरा, कोठिया सहित सात गांवों में बिजली आपूर्ति हेतु जलालपुर रेलवे लाईन के समीप अन्डर ग्राउण्ड केबल लगाने हेतु विभाग द्वारा वर्ष 2003 में टेंडर कर राशि की निकासी की गयी लेकिन आजतक कार्यपूर्ण नहीं किया गया;

(2) क्या यह बात सही है कि विद्युत अधीक्षण अभियंता, छपरा द्वारा पत्रांक 883, दिनांक 15 मार्च, 2010 एवं पत्रांक 3025 एवं 3026, दिनांक 9 अगस्त, 2010 द्वारा उक्त कार्य हेतु प्राक्कलन समानों के आवंटन हेतु महाप्रबंधक-सह-मुख्य अभियंता तिरहुत विद्युत आपूर्ति क्षेत्र, मुजफ्फरपुर को पत्र भेजा गया जिसका आवंटन आजतक प्राप्त नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्ष 2003 में राशि की निकासी होने के उपरांत कार्य नहीं करने वाले व्यक्तियों पर कार्रवाई करने एवं उक्त कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत की आपूर्ति

*372. श्री जितेन्द कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत बिन्द प्रखण्ड मुख्यालय स्थित विद्युत पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य दिसम्बर, 2008 में ही पूरा हो गया है परन्तु आजतक उक्त सब-स्टेशन से विद्युत की आपूर्ति नहीं की जा सकी है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

भवन का निर्माण

*373. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका एवं घोड़ासाहन प्रखण्ड में पचास उप-स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति दो वर्ष पूर्व हुई थी परन्तु अभीतक भवन एवं कर्मचारियों के अभाव में कारण एक भी केन्द्र संचालन नहीं हो पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त केन्द्रों का भवन निर्माण कराने एवं कर्मचारियों की पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

तार को बादलना

*374. श्री हरिनारायण सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है नालन्दा जिलान्तर्गत चण्डी विद्युत उप-केन्द्र के दयालपुर फीडर से ग्राम नरसंडा तथा विद्युत उप-केन्द्र हरनौत से ग्राम छतियाना तक 11,000 विद्युत तार अति जर्जर है;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त दोनों स्थानों के तार से क्रमशः 35 तथा 50 गांव को विद्युत आपूर्ति होती है;

(3) क्या यह बात सही है कि इन तारों को बदलने हेतु प्रश्नकर्त्ता सदस्य द्वारा अपने पत्र संख्या आ-074, दिनांक 9 अगस्त, 2011 द्वारा अध्यक्ष, बिहार राज्य विद्युत बोर्ड को लिखा भी गया है, परन्तु स्थिति पूर्ववत है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन तारों को बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य आरंभ करना

*375. श्री पवन कुमार जायसवाल--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका प्रखण्ड के लौखान, करसहिया, गुजहनवा, समनपुर, बड़हरवा लौखान गांव में अति० प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र वर्ष 2009 से स्वीकृत है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गांव में अति० प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र के लिए जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद भी अभीतक भवन निर्माण कार्य नहीं हो पाया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वर्णित अति० प्रा० स्वास्थ्य केन्द्रों में भवन निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*376. श्री अनंत कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत प्रखण्ड खड़गपुर के पोखरिया गांव में अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना हेतु राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति विगत तीन वर्ष पूर्व दी गयी थी, परन्तु आजतक अतिरिक्त स्वास्थ्य उप-केन्द्र की स्थापना हेतु किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई है,यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तन

*377. श्री प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत भभुआ प्रखण्ड का बिठवार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र बनने के सभी मापदण्डों को पूरा करता है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता द्वारा पिछले वर्ष 2010 से ही लगातार अनुरोध किये जाने के बावजूद विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिठवार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र में परिवर्तित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*378. श्री अख्तरुल ईमान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के प्रखण्ड कोचाधामन अन्तर्गत ग्राम परिहालपुर में 63 के०भी०ए० का ट्रांसफॉर्मर विगत 3 वर्षों से जला हुआ है, किन्तु विद्युत आपूर्ति प्रमण्डल, किशनगंज की लापरवाही के कारण अबतक वह ट्रांसफॉर्मर बदलकर नया ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त ट्रांसफॉर्मर के जल जाने से ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार ग्राम परिहालपुर का ट्रांसफॉर्मर कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पावर सब-स्टेशन का निर्माण

*379. श्री मोती लाल प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बैरगनिया में पावर सब-स्टेशन के अभाव में विद्युत संचरण ठीक ढंग से नहीं हो रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि पावर सब-स्टेशन हेतु बैरगनिया में सात एकड़ भूमि उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बैरगनिया में पावर सब-स्टेशन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुनर्निर्माण कराना

*380. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखण्ड अन्तर्गत नीमा पंचायत में शिमलापाड़ा उप-स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जीर्ण-शीर्ण हो गया है एवं चहारदीवारी नहीं है, यदि हां, तो इसे पुनर्निर्माण हेतु सरकार की क्या योजना है ?

---------

विद्युतीकरण कराना

*381. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड के अधीन 28 पंचायतों में से मात्र तीन पंचायत यथा सालमारी, आजमनगर एवं अटिहाना में विद्युत आपूर्ति की जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि बचे 25 पंचायत यथा खरसौता, ढेना बगधल्ला, चोलहर, मल्लिकपुर आदि के करीब 300 गांवों में विद्युत आपूर्ति नहीं हो पायी है, जिसके चलते वहां के ग्रामीण जनता को विद्युत से वंचित होना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बचे 25 पंचायतों के 300 ग्रामों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अनुमंडलीय अस्पताल के रूप में परणित

*382. श्रीमती नीता चौधरी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर अनुमंडल अन्तर्गत रेफरल अस्पताल अवस्थित है, जिसका भवन एवं अस्पताल परिसर अनुमंडलीय अस्पताल के स्तर का है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तारापुर अनुमंडल में अवस्थित रेफरल अस्पताल अनुमंडलीय अस्पताल के सभी शर्तों को पूरा करता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तारापुर अवस्थित रेफरल अस्पताल को अनुमंडलीय अस्पताल के रूप में परणित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

विद्युतीकरण करना

*383. श्री नौशाद आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के ठाकुरगंज एवं दिघल बैंक प्रखण्डों के दर्जनों ग्राम यथा बिलातीबाड़ी, मीरभीटा, नुनियाटारी, धूमगढ़, बाखोटोली, भौलमारा, लग्धरा, मुंशीभीटा, मोकरी बस्ती, डीम हाट, नेमुगुडी, ननकार, धुलाबाड़ी, सूरीभीटा, हाण्डीपोखर इत्यादि के लोगों द्वारा अपने-अपने ग्रामों की विद्युतीकरण के लिए विभाग में शुल्क वर्ष 2006 में जमा कर दिया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि शुल्क जमा करने के पाँच वर्षों बाद भी उपरोक्त ग्रामों के लोग बिजली से वंचित हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्रामों में शीघ्र विद्युतीकरण का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------

विकसित करना

*384. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के सिलाव प्रखण्ड स्थित बड़गाँव में सूर्य मंदिर एवं एक विशाल तालाब है, जिसमें बिहार, झारखण्ड एवं अन्य राज्यों के लोग छठ पर्व में अर्घ्य देने हेतु कार्तिक मास एवं चैत मास में 90 (नब्बे) लाख से अधिक लोग आते हैं तथा उक्त दोनों मास के अतिरिक्त सालों भर देश एवं विदेशी लोग पर्यटन हेतु आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि वहाँ छठ व्रतियों एवं देश-विदेश के पर्यटकों के लिए न तो समुचित धर्मशाला ही है और न ही बिजली, शौचालय आदि की व्यवस्था ही है, यदि हां, तो इस स्थल को विकसित करने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

-------

बिजली की आपूर्ति

*385. श्री रमेश ऋषिदेव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत कुमारखंड प्रखंड में रामनगर गाँव में विगत 15 वर्ष पूर्व तार, पोल एवं ट्राँसफॉर्मर लगा लेकिन आजतक उक्त गाँव में बिजली की आपूर्ति नहीं की गई ;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँव में बिजली की आपूर्ति कराने का विचार रखती है ?

कार्य पूर्ण कराना

*386. डॉ० आलोक रंजन--क्या मंत्री, आपदा प्रबन्धन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कोशी बाढ़ प्रभावित जिलों में बाढ़ से बचाव एवं मवेशियों के रहने हेतु 53.35 लाख रुपये प्रति यूनिट की दर से ऊँचा पक्का प्लेटफार्म बनाने का सरकार द्वारा वर्ष 2010-11 में निर्णय लिया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार इसे समयबद्ध कार्यक्रम के तहत पूरा करने का विचार रखती है ?

--------

भवन एवं बेड की व्यवस्था

*387. श्री सुरेश कुमार शर्मा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एस०के०एम०सी०एच०, मुजफ्फरपुर, तिरहुत कमिशनरी का एक प्रमुख अस्पताल है, यहाँ सीतामढ़ी, शिवहर, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण आदि जिलों से अत्यधिक लोग इलाज कराने आते हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि यहाँ भवन तथा बेड के अभाव में लोग जमीन पर सोकर ही इलाज कराने को विवश हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार एस०के०एम०सी०एच०, मुजफ्फरपुर में भवन तथा बेड की व्यवस्था करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

विद्युत् समस्या को दूर करना

*388. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के अन्तर्गत नगर पंचायत मीरगंज एक घनी आबादी वाला शहर है, जहाँ छोटे-छोटे उद्योग लगे हुए हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि नगर पंचायत, मीरगंज के लिए अलग से फीडर नहीं लगा है, जिससे मीरगंज नगर वासियों को पर्याप्त मात्रा में विद्युत् नहीं मिल पाती है ;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अलग फिडर लगाकर नगर पंचायत, मीरगंज की विद्युत् समस्या को दूर करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पावर ग्रिड की व्यवस्था

*389. डॉ० श्यामदेव पासवान--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत फतेहपुर प्रखण्ड में पावर ग्रिड नहीं रहने के कारण आमजनों को विद्युत आपूर्ति नहीं हो पाती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार प्रावधान के आलोक में फतेहपुर प्रखण्ड में एक पावर ग्रिड की स्थापना कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*390. श्री रामलषण राम ''रमण''—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत राजनगर प्रखण्ड की पटवारा उत्तरी पंचायत के एकम्मा ग्राम में स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन निर्माण कार्य 5 (पांच) वर्ष पूर्व प्रारम्भ हुआ जो अधूरा पड़ा हुआ है, यदि हां, तो सरकार कबतक भवन का निर्माण कार्य पूरा करने का विचार रखती है ?

---

पुनर्वासित करना

*391. श्रीमती मंजु हजारी—क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के शिवाजीनगर प्रखण्ड के जाखर धर्मपुर पंचायत एवं रोसड़ा प्रखण्ड के भड़वाड़ी पंचायत के भोरहा, भटंडी, कोलहटा ग्राम के 500 परिवार 2004 में बांध क्षतिग्रस्त होने से बांध पर शरण लिए हुए हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार भूमिहीन उपरोक्त गांव के लोगों को पुनर्वासित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

आवासित करना

*392 श्री शालिग्राम यादव—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है मधुबनी जिलान्तर्गत स्वास्थ्य केन्द्र, बिशनपुर में पदस्थापित चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य कर्मचारियों के लिए कर्णांकित आवासीय भवन पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त रहने से आवासावंटन के अभाव में रिक्त पड़ा है;

(2) क्या यह बात सही है कि चिकित्सक एवं अन्य कर्मियों के स्वास्थ्य केन्द्र परिसर में नहीं रहने के कारण रोगियों को चिकित्सा कराने में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित क्षतिग्रस्त आवासीय भवन को जीर्णोद्धार कराकर खंड (1) में वर्णित कर्मियों का आवासित कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

---

चालू करना

*393. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला में नव-निर्मित पहलेजा पावर सब-स्टेशन विगत एक वर्ष से बनकर तैयार है, यदि हां, तो क्या सरकार इसे शीघ्र चालू करवाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति

*394. डॉ० उषा विद्यार्थी—क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पालीगंज प्रखंड में इमामगंज में एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र है, परन्तु वहां चिकित्सक पदस्थापित नहीं रहने के कारण मरीजों को कठिनाई हो रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उस स्वास्थ्य उप-केन्द्र में चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने एवं उसे नियमित रूप से चलाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*395. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत केसरिया बौद्ध स्तूप के पास के बचे हुए चहारदीवारी एवं सोलर लाईट के व्यवस्था के लिए पर्यटन विकास निगम ने वर्ष 2011 में निविदाकर मार्च, 2011 में एकरारनामा भी कर लिया है लेकिन कार्य अभीतक प्रारम्भ नहीं हुआ है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार बौद्ध स्तूप के विकास के लिए इन कार्यों को पूरा कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

बिजली की आपूर्ति

*396. श्री महेन्द्र बैठा—क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है वैशाली जिलान्तर्गत जन्दाहा प्रखंड के महिसौर ग्राम मिड़ीया महादलित टोला, में बिजली की आपूर्ति हेतु चार वर्ष पूर्व बिजली के पोल गाड़े गये हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि बिजली पोल गाड़ने के बाद भी अभीतक बिजली की आपूर्ति नहीं की गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त महादलित टोले में बिजली की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

कार्रवाई करना

*397. श्री चन्द्रशेखर—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 26 अगस्त, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''नहीं मिले एक भी डॉक्टर कर्मी'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव ने दिनांक 25 अगस्त, 2011 को विधायक अस्पताल, पटना का औचक निरीक्षण किया था;

(2) क्या यह बात सही है कि औचक निरीक्षण के समय ओ०पी०डी० के डॉक्टर सहित सभी 11 कर्मचारी नदारद थे;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अनुपस्थित कर्मियों पर अबतक क्या कार्रवाई की गई है ?

पोल गाड़ने की व्यवस्था

* 398. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत नगर परिषद् समस्तीपुर के मुहल्ला धरमपुर के साथ-साथ अन्य सघन आबादी वाले मुहल्लों के बीच का हाई टेन्सन (33000 के०भी०ए०) विद्युत तार काफी जर्जर है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार इन हाई टेन्सन विद्युत तार व पोल को सघन आबादी से हटाकर सड़क किनारे से होकर तार-पोल गाड़ने की व्यवस्था कराना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

कार्यान्वित करना

* 399. श्री राम बालक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत विभूतिपुर प्रखण्ड के कल्याणपुर में विद्युत उप-केन्द्र की स्थापना हेतु वर्ष 2006-07 में ही विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई थी, यदि हां, तो इसे अबतक कार्यान्वित नहीं किये जाने का क्या औचित्य है?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

* 400. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार ने वर्ष 2010 में सभी प्रखण्डों में प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का निर्णय लिया है;

(2) क्या यह भी बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत संग्रामपुर प्रखण्ड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं होने से आम लोगों को स्वास्थ्य लाभ में काफी कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार संग्रामपुर प्रखंड में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

विद्युत की आपूर्ति

* 401. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत कुशेश्वर स्थान बाजार, रौता, बिरौल प्रखण्ड के ग्राम उछटी में पोल-तार एवं ट्रांसफॉर्मर के अभाव में विद्युत आपूर्ति ठप्प है, यदि हां, तो विद्युत आपूर्ति हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है?

--------

समायोजन करना

* 402. श्री अशोक कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पिछले 25 वर्षों से मात्र 50 रुपए मासिक मानदेय पर प्रशिक्षित हेल्थ गाईडों से स्वास्थ्य संबंधित सेवाएं ली जा रही हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि इनके समायोजन की प्रक्रिया के क्रम में स्वास्थ्य सचिव, बिहार, पटना के पत्रांक 1385/II दिनांक 7 दिसम्बर, 2007 द्वारा सभी जिला शल्य पदाधिकारियों से इनकी सूची मांगी गयी थी, जो सरकार के पास चार वर्षों से लंबित है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन प्रशिक्षित हेल्थ गाईडों को उनकी योग्यतानुसार स्वास्थ्य विभाग में समायोजन का विचार रखती है?

--------

विद्युत की आपूर्ति

* 403. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेल संड पंचायत में अनुमंडल कार्यालय के समीप जल मीनार वर्ष 1984 में ही बनकर तैयार है परन्तु ट्रांसफॉर्मर के अभाव में अभी तक चालू नहीं हो सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता द्वारा अप्रैल, 2010 में ट्रांसफॉर्मर लगाने हेतु कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग, सीतामढ़ी को अवगत कराने के बावजूद आजतक ट्रांसफॉर्मर नहीं लगाया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति कर विद्युत आपूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

नया ट्रांसफॉर्मर लगाना

* 404. श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बहादुरपुर प्रखण्ड के कमरौली, टेऊंगा, मेकना, देकुली, कपछाही, भैरोपट्टी, बिउनी, पनसीहा, घटनीपट्टी एवं जोगियारा तथा हनुमाननगर प्रखंड के डिलाही, पुअरिया एवं मुस्तुफापुर गांवों में विद्युत ट्रांसफॉर्मर विगत छः माह से जला हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि ट्रांसफॉर्मर जलने से उक्त खण्ड में उल्लेखित ग्राम के निवासियों को विद्युत आपूर्ति नहीं हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त जले हुए सभी ट्रांसफॉर्मर को बदलकर नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

--------

उर्जान्वित करना

* 405. श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिले के केसठ प्रखण्ड के कतिकनार पंचायत के कतिकनार, महादेवगंज तथा डिहरा ग्राम आज भी आजादी के 64 वर्षों के बाद भी ढीबरीयुग में जी रहे हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पंचायत मुख्यालय कतिकनार, महादेवगंज तथा डिहरा ग्रामों को यथाशीघ्र ऊर्जान्वित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों?

भवन का निर्माण

*406. श्री छेदी पासवान--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत मोहनियाँ प्रखण्ड के ग्राम कटरा कला में सरकारी उप-स्वास्थ्य केन्द्र का अपना डेढ़ एकड़ जमीन है लेकिन उस जमीन में भवन का निर्माण अजतक नहीं कराया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उप-स्वास्थ्य केन्द्र, कटरा कला के जमीन पर भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*407. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के सोनबरसा प्रखण्ड अन्तर्गत फरछहिंया ग्राम में विद्युत पावर सब-स्टेशन 8 वर्षों से निर्माणाधीन है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पावर विद्युत सब-स्टेशन में काम बन्द कर दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार फरछहिंया ग्राम में जल्द विद्युत पावर सब-स्टेशन निर्माण पूरा कर चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चालू करना

*408 श्री मदन सहनी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत हरिपट्टी, गंगीया, सिनुआर गोपाल, अन्दामा, अब्दुलाहपुर, वासुदेवपुर, पिंगी,, बरहेता एवं हनुमाननगर प्रखण्ड अन्तर्गत उररा गाँव स्थित राजकीय नलकूप विगत 5 वर्षों से बिजली अनापूर्ति के कारण बन्द है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गाँवों के राजकीय नलकूप बन्द रहने के कारण स्थानीय किसानों को सिंचाई कार्य में काफी कठिनाइयाँ हो रही हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त राजकीय नलकूप में विद्युत आपूर्ति कर नलकूप को चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पुनर्वासित करना

*409. श्री राजेश सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पू० चम्पारण जिलान्तर्गत रमपुरवा वार्ड नं० 5 के 200 परिवार गंडक नदी के कटाव के कारण लक्ष्मीपुर टोला के पास सड़क के किनारे 10 वर्षों से शरण लिये हुए हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पीड़ित परिवारों को आजतक पुनर्वासित योजना का लाभ नहीं दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पीड़ित परिवारों को जमीन उपलब्ध कराकर पुनर्वासित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य प्रारम्भ करना

*410. श्री तार किशोर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना का कार्य वित्तीय वर्ष 2011-12 से बिल्कुल ठप है;

(2) क्या यह बात सही है कि कार्य ठप होने के कारण हसनगंज प्रखण्ड अन्तर्गत पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य एवं गाँवों में विद्युतीकरण का कार्य अवरुद्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना का कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

*411. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के नानपुर प्रखण्ड के बाथ असली, पंडौल बुजुर्ग एवं नौवाडीह में स्वास्थ्य केन्द्र के लिए जमीन 16 वर्ष पूर्व उपलब्ध करा दिया गया है लेकिन आजतक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

चालू करना

*412. श्री राम नरेश प्रसाद यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखण्ड अन्तर्गत सिरसिया बाजार पर विद्युत पावर सब-स्टेशन बनकर एक साल से तैयार है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्युत पावर स्टेशन को चालू नहीं किया गया है, जिससे जनता को बिजली उपलब्ध नहीं हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार परिहार प्रखण्ड के सिरसिया बाजार पर विद्युत पावर सब-स्टेशन चालू करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---------

गुणवत्ता कायम रखना

*413. श्री विनोद नारायण झा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार रिन्युएबुल इनर्जी डेवलपमेन्ट एजेन्सी (ब्रेडा) द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2011-12 में 1500 लाख रुपये की लागत से राज्य में सौर ऊर्जा एवं बायो गैस की 10 योजनाओं का कार्यान्वयन प्रारम्भ कर दिया गया है, यदि हां, तो इन योजनाओं का समयबद्ध कार्यान्वयन एवं उच्च स्तर की गुणवत्ता कायम रखने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

भवन का निर्माण

*414. श्रीमती अमला देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत प्रतापगंज प्रखंड के सूरजापुर स्वास्थ्य उप-केन्द्र का भवन अत्यन्त ही जर्जर स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त भवन के नहीं होने के कारण चिकित्सक को मरीज का इलाज करने में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त भवन के निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य पूर्ण करना

*415. श्रीमती गुड्डी देवी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंड के सरहचिया, मोरंग, मजरोहा एवं गिद्धा गांवों के राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना का कार्य विगत तीन वर्षों से चल रहा है जिसे वर्ष 2010 में ही पूरा करना था जिसे आजतक पूरा नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

कार्रवाई करना

*416. डॉ० रंजु गीता--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बाजपट्टी प्रखंड के मधुबन बसहा पश्चिमी, मध्य बसहा पूर्वी, बड़डी-फुलवरिया एवं अन्य 16 पंचायत, नानपुर प्रखंड के भदियन, विरार एवं अन्य 11 पंचायत एवं बोखड़ा प्रखंड के खैड़का उत्तरी, खेड़का दक्षिणी एवं अन्य 9 ग्राम पंचायत राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण से वंचित रहने के कारण आम जनता को कृषि एवं अन्य कार्यों में काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित वंचित ग्राम पंचायतों में उक्त योजना के तहत ग्रामीण विद्युतीकरण कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

अस्पताल चालू करना

*417. श्री राज कुमार राय--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत हसनपुर प्रखंड के राजकीय अस्पताल पड़ड़ी के अस्पताल भवन 5 वर्ष पूर्व ध्वस्त हो गए हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पताल भवन के ध्वस्त होने के कारण चिकित्सक अस्पताल में नहीं बैठ रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार राजकीय अस्पताल पड़ड़ी को चालू करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

एम्बुलेंस की व्यवस्था

*418. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के हिलसा अनुमंडल अस्पताल में प्रधानमंत्री राहत कोष से परिचालित एम्बुलेंस एक्सीडेन्ट के कारण विगत एक वर्ष से खराब पड़ा हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि अस्पताल में दूसरा एम्बुलेंस नहीं रहने के कारण रोगियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार हिलसा अनुमंडल अस्पताल में एम्बुलेंस की व्यवस्था करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

स्थानांतरित करना

*419. श्रीमती भागीरथी देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत प्रखंड गौनाहा स्थित रेफरल अस्पताल में पदस्थापित कर्मी विगत 10-15 वर्षों से इसी स्थान पर पदस्थापित है;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकारी प्रावधान के तहत एक स्थान पर पदस्थापित कर्मी को तीन वर्ष बाद स्थानांतरित किया जाना है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त अस्पताल में एक ही स्थल पर वर्षों से पदस्थापित कर्मी को अन्यत्र स्थानांतरित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

जर्जर तार को बदलना

*420. श्री राजेश्वर राज--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के विक्रमगंज प्रखंड स्थित विद्युत आपूर्ति केन्द्रान्तर्गत दुर्गाडीह गांव का 11,000 वोल्टस एवं 420 वोल्टस का तार काफी जर्जरावस्था में होने के कारण विद्युत आपूर्ति में बाधा उत्पन्न होती है, यदि हां, तो क्या सरकार जर्जर तार को बदलने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

---------

आवास की मरम्मती

*421. श्री विरेन्द्र सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत मानपुर प्रखंड के मानपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों का आवास जर्जर अवस्था में है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों का जर्जर आवास ठीक करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण नहीं करने का औचित्य

*422. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिले के तरैया विधान-सभा क्षेत्र के 37 पंचायतों में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अधीन विद्युतीकरण 2009 तक सम्पन्न करने का लक्ष्य निर्धारित था, यदि हां, तो अभी तक उसे पूरा नहीं करने का क्या औचित्य है ?

---------

कार्रवाई करना

*423. डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला स्वास्थ्य समिति, कैमूर, भभुआ के ऑडिट के क्रम में 5 करोड़ का गबन सिविल सर्जन, संबंधित चिकित्सक एवं संबंधित एन0जी0ओ0 की मिलीभगत से किये जाने का मामला 1 जुलाई, 2011 को प्रकाश में आया;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गबन के सामने आने पर सिविल सर्जन, संबंधित चिकित्सक एवं संबंधित एन0 जी0 ओ0 पर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति के पत्रांक 28514, दिनांक 22 जुलाई, 2011 द्वारा जिलाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति, कैमूर को दिया गया परन्तु अभीतक कोई कार्रवाई नहीं की गयी है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषी व्यक्तियों पर कानूनी कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*424. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत नबीनगर एवं बारून प्रखण्डान्तर्गत बेलाई, अजनिया, कसौटिया, मिर्जापुर, सिमरी, कमदारपुर, बैरिया, रूपन, बिगहा, कर्मा, बभण्डी, बैरवां लोकनाथ, कंकेर, बड़ेम, नारायणपुर, उर्दाना, मझियांवा, फुटहड़वा, प्रहलाद बिगहा, चरण, लहियारपुर, करहारा, सुन्दरगंज, दुधैला, पीपरा, बरौली, बारून कुम्हारटोली, बारून मोहनगंज, बलकिरना, सोहदा गाँवों में अवस्थित ट्रांसफॉर्मर दो वर्ष पूर्व जल जाने के कारण वहाँ के निवासियों को विद्युत की आपूर्ति नहीं हो पा रही है, यदि हां, तो सरकार उक्त गाँवों में अवस्थित जले ट्रांसफॉर्मर को कबतक बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बिजली चालू करना

*425. श्री कृष्ण कुमार ऋषि- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि -

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखण्ड के महराजगंज पंचायत के चकमका टोला में बिजली का तार 9 माह पूर्व लग चुका है परन्तु अभी तक बिजली नहीं चालू हो पाया है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जगहों पर सरकार कबतक बिजली चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करना

*426. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला के मदनपुर प्रखण्ड अन्तर्गत पिपरौरा पंचायत के पिपरौरा ग्राम में उप-स्वास्थ्य केन्द्र नहीं है;

(2) यदि उपरोक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पिपरौरा ग्राम में उप स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*427. श्री आनंदी प्रसाद यादव--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वर्ष 1987-88 में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र, चरैया (प्रखंड भरगामा जिला अररिया) का भवन अधूरा बना और आजतक यह अधूरी अवस्था में ही है, यदि हां, तो सरकार उक्त अधूरे भवन का निर्माण कार्य कबतक पूरा करना चाहती है ?

---

चिकित्सक का पदस्थापना

*428. श्री रामानन्द राम--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय के बखरी अनुमंडलीय अस्पताल में महिला चिकित्सक नहीं रहने के कारण वहां के महिलाओं के समुचित इलाज कराने में कठिनाई होती है, यदि हां, तो सरकार बखरी अनुमंडलीय अस्पताल में महिला चिकित्सक का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

विद्युत उप-केन्द्र का निर्माण

*429. श्री विनोद कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखण्ड के अधीन विगत वर्ष 2010 में विद्युत उप-केन्द्र के निर्माण कराने का आदेश हुआ था;

(2) क्या यह बात सही है कि निर्माण करने से संबंधित प्रक्रियायें वर्ष 2010 में पूरी कर ली गयी थी परन्तु आजतक उप-केन्द्र का निर्माण नहीं हो सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आजमनगर प्रखंड में विद्युत उप-केन्द्र का निर्माण कार्य शुरू कराने का विचार कबतक रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

* 430. श्री मनोहर प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि --

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के मनिहारी प्रखंड अन्तर्गत नारायणपुर पंचायत में राहत सामग्री वितरण में की गयी घोर धांधली की जांच का अनुरोध विधायक मनिहारी के पत्रांक 190/11, दिनांक 31 अगस्त, 2011, 224/11, दिनांक 15 सितम्बर, 2011, 259/11, दिनांक 17 अक्टूबर, 2011 द्वारा अंचल पदाधिकारी, मनिहारी से की गयी थी और इसकी प्रतिलिपि जिला पदाधिकारी, कटिहार को दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि अपर समाहर्त्ता, कटिहार के ज्ञापांक 665/आ०प्र० दिनांक 7 सितम्बर, 2011 द्वारा भी अनुमंडल पदाधिकारी, मनिहारी से जांच कर तीन दिन के अन्दर प्रतिवेदन की मांग की गयी थी;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

--------

बीमारी की रोकथाम

* 431. डॉ० अच्युतानन्द-- दैनिक समाचार-पत्र के दिनांक 19 जून, 2011 के अंक में छपी खबर ''सोलह वर्षों से पहेली बनी है रहस्यमय बीमारी'' के आलोक में क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में पिछले 16 वर्षों से हर वर्ष गर्मी के महीनों में रहस्यमय बीमारी से 35 से 50 बच्चों की मौत हो रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं रहने के कारण उपरोक्त बीमारी के इलाज में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उपरोक्त खतरनाक बीमारी के रोकथाम एवं इलाज के लिए कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

रिक्त पदों को भरना

* 432. श्री (डॉ०)इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में जुलाई, 2011 को प्रकाशित शिर्षक '' बिना प्रोफेसर की बंट रही पीजी की डिग्रीयां'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा मेडिकल कॉलेज के चार विभाग के पीजी छात्रों को बिना प्रोफेसर एवं एसोसिएट प्रोफेसर की पीजी डिग्री बांटी जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि शिशु रोग एफएमटी बायोकेमेस्ट्री एवं आंख विभाग के सभी एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर की स्वीकृत पद चार वर्षों व दो वर्षों से रिक्त पड़े हैं;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार डी०एम०सी०एच० दरभंगा कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर के रिक्त पदों पर भरने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विस्थापित परिवारों को पुनर्वासित करना

* 433. श्रीमती मंजु हजारी--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत शिवाजीनगर प्रखंड के शंकरपुर पंचायत में 2007 में करेह नदी के दायां तटबंध क्षतिग्रस्त होने से सितुआही ग्राम के महादलित एवं अति पिछड़ा 200 परिवार विस्थापित हो गए हैं;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार विस्थापित परिवारों का पुनर्वास करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

दोषी अभियंताओं पर कार्रवाई

* 434. श्री विक्रम कुंवर--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य विद्युत बोर्ड में वर्ष 2010 में सर्कुलर जारी कर सभी अधीक्षक अभियंता एवं कार्यपालक अभियंताओं को आदेश दिया गया था कि बिना बोर्ड के अनुमति से कोई भी नया ट्रान्सफॉमर नहीं बदला जायेगा;

(2) क्या यह बात सही है कि छपरा विद्युत अंचल में 70 ट्रान्सफॉर्मर सहित पूरे बिहार में एक हजार ट्रान्सफॉर्मर बिना बोर्ड के अनुमति से लगा दिया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बोर्ड के आदेश का उल्लंघन के आरोप में सभी दोषी अभियंताओं पर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पावर ग्रीड चालू करना

* 435. श्री कन्हैया कुमार-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रजौली विधान-सभा क्षेत्र के सिरदला प्रखंड में पावर ग्रीड है जिसका एक फीडर तेल के अभाव में एक वर्ष से बंद पड़ा है, यदि हां, तो सरकार इसे कबतक चालू करवाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

--------

आपदा में दर्ज करना

* 436. श्री राम लषण राम ''रमण''-- क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आंधी तूफान में पेड़ों के गिरने से हुई जान-माल की क्षति को आपदा की सूची में शामिल नहीं किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि इससे प्रभावित लोग आपदा के सरकारी लाभ से वंचित रह जाते हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक आंधी तूफान से हुई जान-माल की क्षति को आपदा में दर्ज करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

जिला अस्पताल में परिणत करना

* 437. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर सदर अस्पताल अभीतक अनुमंडल स्तरीय अस्पताल के रूप में संचालित है, यदि हां, तो इसे जिला अस्पताल में परिणत करने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

व्यवधान को दूर करना

*438. श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत खड़गपुर अनुमंडल में विद्युत् की आपूर्ति सुल्तानगंज (भागलपुर) विद्युत् पावर स्टेशन से भाया तारापुर होते हुए खड़गपुर विद्युत् पावर सब-स्टेशन को विगत 15 वर्षों से की जाती है, परन्तु विद्युत् आपूर्ति सुल्तानगंज से भाया तारापुर होने के कारण खड़गपुर अनुमंडल में विद्युत् आपूर्ति में काफी व्यवधान उक्त वर्णित अवधि से होती आ रही है, यदि हां, तो व्यवधान को दूर करने हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

----------

पदों को भरना

*439. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि वर्तमान में पटना शहर में चार लाख बिजली उपभोक्ताओं के लिए पेसू में तकनीकी कामगारों की संख्या मात्र चार सौ रह गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि 1990 ई०, में पटना में 1.5 लाख उपभोक्ताओं के लिए पेसू में तकनीकी कामगारों की संख्या 2200 थी;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पेसू में रिक्त पड़े 1800 तकनीकी पदों को भरने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्य प्रारम्भ करना

*440. श्री राज कुमार राय --क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत बिथान प्रखण्ड मुख्यालय में विद्युत् सब-स्टेशन बनाने हेतु सरकार द्वारा वर्ष 2007 में निर्णय लिया गया था तथा उक्त निर्णय के आलोक में भूमि अधिग्रहण भी किया गया परन्तु विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण कार्य आजतक प्रारम्भ नहीं किया गया है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार बिथान प्रखण्ड में विद्युत् सब-स्टेशन का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

उत्क्रमित करना

*441. श्रीमती उषा सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के हिलसा प्रखण्ड के चिकसौरा बाजार में एक स्वास्थ्य उप-केन्द्र है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्वास्थ्य केन्द्र में एक दिन भी एम०बी०बी०एस० डाक्टर की ड्यूटी नहीं है, जिसके कारण चिकसौरा एवं आस-पास के गांव के रोगियों को सात कि०मी० दूर हिलसा जाना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार चिकसौरा बाजार के उप-स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उत्क्रमित करना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

चिकित्सकों को हटाने का औचित्य

*442. श्री अरूण शंकर प्रसाद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 22 अक्टूबर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक ''बंद है एक तिहाई जिला परिषद् औषधालय'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार में आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक एवं यूनानी औषधालयों की संख्या जिला परिषद् के अधीन 281 है, जिसमें मात्र 81 औषधालय ही कार्यरत हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त औषधालयों में पदस्थापित 50 प्रतिशत चिकित्सकों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थापित किये जाने से कार्यरत 81 औषधालयों की स्थिति भी बंद होने के कगार पर हो गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त औषधालयों से चिकित्सकों को हटाने का औचित्य क्या है ?

----------

वेतन राशि का भुगतान

*443. श्री फैयाज अहमद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ऊर्जा विभाग के अधीन ब्रेडा के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों को वित्तीय वर्ष 2004-05 से वेतनादि का भुगतान मुख्यालय स्तर से किया जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि निदेशक ब्रेडा के ज्ञापांक 1366, दिनांक 13 अक्टूबर, 2010 के द्वारा जिला स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को वर्ष 2005 से 2009 तक बकाये राशि के भुगतान का आदेश देने के बावजूद भी भुगतान नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार निदेशक ब्रेडा के आदेश के आलोक में जिला स्तर के कर्मचारियों को बकाये वेतन राशि का भुगतान करने का विचार रखती है ?

---------

चालू करना

*444. श्री संजय सिंह ''टाईगर''--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत संदेश प्रखण्ड के अखगांव में पावर सब-स्टेशन का निर्माण कार्य मार्च, 2011 में ही पूरा हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सब-स्टेशन के चालू नहीं होने से विद्युत् आपूर्ति में कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पावर सब-स्टेशन को शीघ्र चालू कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

स्वास्थ्य केन्द्र खोलना

*445. श्री जनक सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के पानापुर प्रखण्ड के क्वाटर बाजार, सतजोड़, बेलौर, तरैया प्रखण्ड के पचरौर, गवन्द्री, पंचभिंडा, फरोदनपुर मठिया तथा इसुआपुर प्रखण्ड के श्यामकोड़िया, संहवा तथा केरवां ग्रामों में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने से क्षेत्र की जनता को काफी कठिनाई होती है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थानों पर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र खोलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

पी०एस०एस० को सुदृढ़ करना

*446. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के झझवां 33 केवीए पी०एस०एस० सब-स्टेशन 220/132 केवीए गोपालगंज ग्रिड से नहीं जोड़ा गया है, बल्कि पी०एस०एस० गोपालगंज से टैपिंग किया गया है, जिसके कारण सिधवलिया में 4 घंटा बिजली रहती है;

(2) क्या यह बात सही है कि झझवां 33 केवीए पी०एस०एस० में आइसोलेटर ब्रेकर कार्य नहीं कर रहे हैं;

(3) क्या यह बात सही है कि झझवां 33/11 पी०एस०एस० में 5 एम०भी०ए० के ट्रांसफॉर्मर है, जबकि सिधवलिया का लोड 16 से 18 एम०डब्लू० है;

(4) क्या यह बात सही है कि जिला पदाधिकारी, गोपालगंज के द्वारा सचिव, बिहार राज्य विद्युत् बोर्ड, पटना को अपने पत्रांक 2424 सी०, दिनांक 24 सितम्बर, 2011 के द्वारा गोपालगंज जिले के झझवां 33/11 पी०एस०एस० एवं बिजली की दयनीय स्थिति के संबंध में पत्र लिखा गया था;

(5) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार झझवां पी०एस०एस० 33/11 को सुदृढ़ करने का विचार रखती है ?

---------

कार्रवाई करना

*447. डॉ० इजहार अहमद--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 सितम्बर, 2011 को प्रकाशित शीर्षक '' दवा खरीदने में पौने दो करोड़ का चूना'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य के पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण एवं गोपालगंज जिले में एक्सपायर्ड दवाओं की खरीदगी वर्ष 2010-11 में की गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि पश्चिम चम्पारण जिला में तीन सिविल, सर्जनों द्वारा कुल एक करोड़ पचहत्तर लाख की एक्सपायरी दवाओं की खरीद वर्ष 2010-11 में की गई थी;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त एक्सपायरी दवाओं पर सरकार द्वारा वर्ष 2008 में रोक लगाई गई थी, इसके बावजूद भी उक्त तीनों जिलों के सिविल सर्जनों द्वारा एक्सपायरी दवाओं की खरीद की गई;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो उक्त सिविल सर्जनों पर आजतक कार्रवाई नहीं करने का क्या औचित्य है तथा सरकार इस संबंध में कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

कार्यान्वियत करना

*448. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत गोगरी प्रखण्ड के पसराहा थाना के पास जमीन उपलब्ध है, जिसपर अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराये जाने के संबंध में सरकार ने वर्ष 2010 में निर्णय लिया है, यदि हां, तो सरकार कबतक उक्त निर्णय को कार्यान्वित करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

योजना को लाभुकों तक पहुंचाना

*449. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के दुर्गावती प्रखण्ड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में जननी बाल सुरक्षा योजना के तहत प्रसव के समय किसी भी तरह की सुविधा नहीं दी जा रही है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त योजना को कैमूर जिला के सभी अस्पतालों में यथाशीघ्र लाभुकों तक पहुंचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

भवन बनाना

*450. डॉ० अब्दुल गफूर--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत महिषी प्रखण्ड के तेलवा गांव में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का भवन जर्जर होने के कारण चिकित्सक एवं मरीजों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त अस्पताल का नया भवन बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

मुआवजा का भुगतान

*451. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत आमस प्रखण्ड के बड़की चिलनी टोला धोबीबिगहा में राजेन्द्र यादव, राम विलास यादव, गनौरी यादव, सरजून यादव, रामस्वरूप यादव एवं विशुनदेव यादव के खलिहान में 12 मार्च, 2011 को आग लग गई थी, परन्तु आजतक मुआवजा भुगतान नहीं किये जाने क्या औचित्य है ?

---------

विद्युत् केन्द्र स्थापित करना

*452. प्रदीप कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला में 132/33 के०वी०ए० का एकमात्र केन्द्र है, जिसकी क्षमता मात्र 20 एम०भी०ए० है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त विद्युत् केन्द्र की स्थिति काफी जर्जर है, जिससे नवादा जिले के कौवाकोल, रोह, पकरीवरावां, वारिसलीगंज तथा काशीचक प्रखण्डों में विद्युत् आपूर्ति व्यवस्था हमेशा बाधित रहता है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वारिसलीगंज या पकरीवरावां में 132/33 के० भी० ए० विद्युत् केन्द्र स्थापित करवाने की विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

मशीनों को चालू करना

*453. श्री अरूण कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के पी०एम०सी०एच० में सिटी स्कैन मशीन विगत दो वर्षों से एवं एम०आर०आई० मशीन एक वर्ष से बन्द पड़ी है;

(2) यदि उपरोक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त मशीनों को चालू कराने विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

बंद का औचित्य

*454. श्री शिवेश कुमार--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत गड़हनी प्रखंड के बहड़पुर गांव में 10 वर्ष पहले विद्युत् आपूर्ति होता था, यदि हां, तो उक्त आपूर्ति अभीतक बन्द रहने का क्या औचित्य है ?

---------

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*455. श्री मंजीत कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के पत्रांक 17625, दिनांक 8 जून, 2010 के द्वारा एंटी स्नेक वेनम सेरम नॉट एण्ड स्टैंडर क्वालिटी के कारण क्रय पर रोक लगा दी गई थी;

(2) क्या यह बात सही है कि सिविल सर्जन, गोपालगंज के द्वारा विपत्र संख्या 47 एवं 48, दिनांक 30 अगस्त, 2011 द्वारा 500 वोल्यूम एंटी स्नेक वेनम सेरम की अयोग्य घोषित दवा कंपनी से 2.85 लाख अधिक दाम पर दवा खरीद की गई थी;

(3) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के श्री रंजन सिंह, प्रभावती देवी, ग्राम-चांदपारना, सिधवलिया, श्री महेश शर्मा,, गम्हारी, सीमा कुमार, बंधौली, बैकुंठपुर की मृत्यु एंटी स्नेक वेनम सेरम की आवमानक स्तर के दवा पड़ने के कारण हो गई;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अयोग्य दवा एवं अधिक मूल्य पर दवा खरीदने वाले दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---------

सहायता प्राप्त करना

*456. श्री गोपालजी ठाकुर--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बेनीपुर विधान-सभा अन्तर्गत बहेड़ी प्रखंड के बन्दुहली गांव में आग लगने के कारण विगत छः माह पूर्व महादलित परिवार के चार बच्चियां (नाबालिग) जल कर मर गई लेकिन पीड़ित परिवार को आजतक सरकार के द्वारा किसी भी प्रकार की सरकारी सहायता प्राप्त नहीं हुआ है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

---------

तार को बदलना

*457. श्री अम्बिका सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दुर्गावती प्रखंड के अन्तर्गत दुर्गावती पावर सब-स्टेशन, लरमा पावर सब-स्टेशन एवं कल्याणपुर पावर सब-स्टेशन का ग्यारह हजार का तार जर्जर स्थिति में है;

(2) क्या यह बात सही है कि तार जर्जर स्थिति में होने के चलते बिजली बाधित होती है;

(3) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा प्राक्कलन बनाकर बोर्ड को पत्रांक 1045, दिनांक 23 मार्च, 2011 द्वारा भेज दिया गया है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तार बदलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

विकसित करना

*458. श्री सुबोध राय--क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत सुल्तानगंज उत्तर गंगा वाहिनी तट पर अवस्थित है और प्राचीन काल से ही एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक और ऐतिहासिक स्थल के रूप में जाना जाता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उत्तर गंगा वाहिनी के बीच गंगा में अजगैविनाथ का प्राचीन कालीन मंदिर है, जहां देश-विदेश से आये लोग उक्त मंदिर में जलाभिषेक के उपरान्त ही यहां से पवित्र जल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम जाते हैं और श्रावणी मेला का प्रारंभ सुल्तानगंज से ही होता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सुल्तानगंज के उत्तरी गंगा वाहिनी स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्क्रमित करना

*459. श्री जय कुमार सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के दिनारा प्रखंड अन्तर्गत गंजभरसरा बाजार पर उप-स्वास्थ्य केन्द्र है, जहां समुचित स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, यदि हां, तो इसके उत्क्रमण हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---------

ट्रांसफॉर्मर लगाना

*460. श्री रामसेवक सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के हथुआ विधान-सभा क्षेत्र अन्तर्गत, प्रखंड हथुआ में, छाप, जीगना, जग्रनाथ, बड़कागांव, महैचा, प्रखंड फुलवरिया में मिश्रवतरहां, बथुआ बाजार, लाईन बाजार टोला, माड़ीपुर ग्राम में विद्युत् ट्रांसफॉर्मर एक साल से जला हुआ है, जिससे विद्युत् आपूर्ति बन्द है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उपरोक्त स्थलों पर नया विद्युत् ट्रांसफॉर्मर लगाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

नया तार लगाना

*461. श्री जवाहर प्रसाद--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम नगर के गुरुद्वारा रोड, शहजलाल पीर, खिड़की घाट, लखनु सराय, सपुल्लहागंज, भारतीगंज, बारादरी, सागर, आलमगंज, शोभागंज एवं लशकरीगंज के विद्युत् तार बिल्कुल जर्जर अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार वर्णित जगहों में अविलम्ब नया तार लगाने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

डॉक्टर का पदस्थापन

*462. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत कुर्मा शम्भूगंज स्वास्थ्य केन्द्र में मात्र 4 डॉक्टर ही पदास्थापित हैं जबकि 6 डॉक्टर का पद रिक्त है जिससे मरीजों को असुविधा होती है, यदि हां, तो क्या सरकार रिक्त पद पर डॉक्टर का पदस्थापना करने का विचार रखती है ?

---------

जमीन एवं पैसा उपलब्ध कराना

*463. श्री राम प्रवेश राय--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत बरौली प्रखण्ड में ग्राम सेमरियां और रूपनछाप का दो सौ से अधिक परिवार बाढ़ से कटाव के कारण गत वर्ष विस्थापित हो गया है जिसमें अधिकांश लोग महादलित एवं गरीब परिवार से हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011 में प्रधान सचिव एवं जिला पदाधिकारी द्वारा आश्वासन के बावजूद इन विस्थापितों के पुनर्वास हेतु अभीतक जमीन एवं पैसे का भुगतान नहीं किया जा सका है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इन बेसहारा विस्थापितों को मकान बनाने हेतु अविलम्ब जमीन एवं पैसा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युत उप-केन्द्र बनाना

*464. श्री कुमार शैलेन्द्र--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला अन्तर्गत खरीक प्रखण्ड में विद्युत उप-केन्द्र नहीं रहने के कारण वहां के लोगों को 2 घंटे से ज्यादा बिजली नहीं मिल पाती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड में 14 नं० सड़क से सटे पीपल पेड़ से नीचे रामभज्जु मोदी के घर जाने के रास्ते में एक एकड़ सरकारी जमीन उपलब्ध है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (2) में अंकित स्थान पर विद्युत उप-केन्द्र बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

बिजली की आपूर्ति

*465. मो० अफाक आलम--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिलान्तर्गत कसबा प्रखण्ड के गुंडी पंचायत के मो० जैनूर, पे० ईसाद अली, मो० फकीर, पे० मो० लतीप, जुनैद, पे० इलयास, तेतरिया पंचायत के मो० नौसाद, पे० अब्दुलहम, मांसूर, पे० कासीम, पे० सालीम, भम्बराह पंचायत के मो० मुस्ताक आलम, पे० हाजीसलीम, मुमताज, पे० मुर्तुजा, करीम, पे० ईसमाईल, दाउत, पे० राजीक एवं तेतरिया पंचायत के मुस्ताक, पे० हलीम, जैनुल, पे० रजाक, कादीर हुसैन, पे० मो० अब्दुल सहित 300 सौ से अधिक उपभोक्ता 10 वर्ष पूर्व कसबा के विद्युत कार्यालय में विद्युत कनेक्शन हेतु रसीद प्राप्त किये हैं, लेकिन अभीतक बिजली की आपूर्ति नहीं की गई है;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पंचायतों के विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*466. श्रीमती रंजू गीता--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत नानपुर प्रखण्ड अस्पताल भवन जर्जर अवस्था में है, जिसके पुनर्निर्माण एवं संचालन हेतु आवंटित राशि विगत तीन वर्षों से जिला मुख्यालय में लम्बित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त लम्बित राशि को उपलब्ध कराने हेतु कौन-सी कार्रवाई कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

विद्युतीकरण करना

*467. श्री अशोक कुमार यादव--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंघवारा प्रखण्ड अन्तर्गत कलिगांव ग्राम में वर्ष 2004 में भीषण आग लग जाने के कारण ग्राम का ट्रांसफॉर्मर और तार जल गया;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2004 के बाद उक्त ग्राम का विद्युतीकरण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त ग्राम का विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अस्पताल को हटाना

*468. श्री चितरंजन कुमार--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना के कंकड़बाग मोड़ स्थित कुंदन कॉम्पलेक्स में (आवासीय परिसर) सी०एस०एन०आई० हॉस्पीटल अवैध रूप से विगत 6 वर्षों से संचालित है;

(2) क्या यह बात सही है कि विभागीय पदाधिकारियों के द्वारा इसकी जांच जून, 2010 में करायी गयी है, किन्तु आजतक उक्त हॉस्पीटल को हटाने के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार नियम के विरुद्ध आवासीय परिसर के फ्लैट में चल रहे अस्पताल को हटाना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

भवन का निर्माण

*469. श्रीमती सुनीता सिंह--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखण्ड के ग्राम डूमरा जो बागमती नदी के दोनों तटबंध के बीच में होने के कारण ग्रामीणों को बसाने हेतु आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा वर्ष 1995 में जमीन अर्जित कर विस्थापित परिवारों को पुनर्वासित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि विस्थापित परिवारों द्वारा अपने-अपने हिस्से का एक-एक डिसमिल जमीन वर्ष 1995 में ही अति०प्रा०स्वा० केन्द्र के भवन निर्माण हेतु विभाग को समर्पित करने के बावजूद भी आजतक निर्माण कार्य नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार अति० प्रा० स्वा० केन्द्र के भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

विद्युत की आपूर्ति

*470. श्री विजय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिलान्तर्गत बड़हिया प्रखण्ड के धीराढाड़ के 34 ग्रामीणों द्वारा 26 मई, 2003 को कनेक्शन हेतु विद्युत विभाग के कार्यालय में पैसा जमा कर दिया गया है लेकिन आजतक विद्युत आपूर्ति नहीं हुआ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में कनेक्शन देते हुए विद्युत आपूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

अनुदान देना

*471. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि आरा जिला अन्तर्गत कोईलवर के मानसिक आरोग्यशाला, कोईलवर में विगत 3 वर्षों से अनुदान नहीं दिया जा रहा है जिसमें उक्त संस्थान में मनोरोगियों की दवा, जाँच तथा इलाज नहीं हो रहा है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार मानसिक आरोग्यशाला कोईलवर को अनुदान देने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

उत्तर नहीं देने का औचित्य

*472. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभागों को माननीय सांसदों एवं विधायकों द्वारा प्राप्त कराये गए पत्रों के जवाब पन्द्रह दिनों के अन्दर देने का प्रावधान है, यदि हां, तो मंत्री संसदीय कार्य एवं मुख्य सचिव को संबोधित मेरा दिनांक 29 अप्रील, 2011 का पत्र का उत्तर अबतक नहीं देने का क्या औचित्य है ?

---------

भवन का निर्माण

*473. श्रीमती वीणा देवी--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के बंदरा प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बरगाँव में वर्ष 2007 में स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु शिलान्यास किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि स्वास्थ्य केन्द्र के भवन निर्माण अभीतक नहीं होने से ग्रामीणों को चिकित्सा कराने में असुविधा हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त भवन को कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

गाँवों का विद्युतीकरण

*474. श्री विनय कुमार सिंह--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी विद्युतीकरण योजना अन्तर्गत सभी गाँवों में विद्युतीकरण किया जाना है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना अन्तर्गत सारण जिला के प्रखण्ड सोनपुर के शिकारपुर, अकिलपुर, बहेरवागाही के लाला गाही टोला हासिलपुर के वीन टोली, रमसापुर, हितरचक, गोरीपट्टी सिधिनपुर दिघवारा प्रखण्ड के अकिलपुर पंचायत के सभी गाँव कुरैया पंचायत के दलित टोला त्रिलोकचक पंचायत के अहिमपट्टी इत्यादि गांवों में विद्युतीकरण नहीं हुआ है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त गाँवों में विद्युतीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

सेटेलाईट फोन उपलब्ध कराना

*475. श्री दुर्गा प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा सभी जिलाधिकारियों को सेटेलाईट फोन एवं कम्प्यूटर उपलब्ध कराने हेतु बेलट्रान को वर्ष 2009-10 में राशि भी उपलब्ध करा दिया गया है किन्तु अभी तक कहीं भी सेटेलाईट फोन उपलब्ध नहीं कराया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

----------

ट्रांसफॉर्मर बदलना

*476. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि प्रखण्ड सुगौली ( जिला-पूर्वी चम्पारण ) अन्तर्गत नगर पंचायत सुगौली के कनिहार ग्राम में 5 वर्ष पूर्व से विद्युत ट्रांसफॉर्मर जले हुए हैं जिसके कारण समीपवर्ती एवं आवासित ग्रामीणजनों को कष्ट का सामना करना पड़ता है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार ऊपर वर्णित स्थान पर जले हुए ट्रांसफॉर्मर बदलने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

----------

भुगतान करना

*477. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत विगत वित्तीय वर्ष 2010-11 एवं 2011-12 में 435 डी0डी0टी0 छिड़काव कर्मियों का मजदूरी का भुगतान असैनिक शल्य-चिकित्सक, कटिहार द्वारा अभी तक नहीं किया है;

(2) क्या यह बात सही है कि डी0 डी0 टी0 छिड़काव कर्मियों से छिड़काव कार्य लेकर मजदूरी का भुगतान नहीं करना, न्यायोचित नहीं है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त छिड़काव कर्मियों का भुगतान अविलम्ब करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

* 478. श्रीमती मुन्नी देवी--क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव, बिहार का पत्रांक 889, दिनांक 11 सितम्बर, 2006 निर्गत है कि माननीय सदस्यों के लिखे पत्र पर पत्र प्राप्ति की सूचना 15 दिनों के अन्दर तथा कृत कार्रवाई से एक माह के अन्दर अवगत कराई जाय;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता के पत्रांक 228/11, दिनांक 3 अगस्त, 2011 स्मारित पत्रांक 244/11, दिनांक 29 सितम्बर, 2011 से जिलाधिकारी, भोजपुर के पत्रांक 229/11, दिनांक 01 सितम्बर, 2011 स्मारित पत्रांक 257/11, दिनांक 01 अक्टूबर, 2011 से अंचलाधिकारी, शाहपुर, भोजपुर पत्रांक 176/11, दिनांक 11 जुलाई, 2011 स्मारित पत्रांक 249/11, दिनांक 24 सितम्बर, 2011 से विद्युत कार्यपालक अभियंता, भोजपुर से जानकारी मांगी गयी है, परन्तु इनके द्वारा आजतक पत्र प्राप्ति तक की सूचना नहीं दी गई है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कृत कार्रवाई से अवगत न कराने वाले पदाधिकारी पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

गाँवों का विद्युतीकरण

* 479. श्री राहुल कुमार-- क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिले के घोषी प्रखंड के ग्राम त्राण विगहा, काको प्रखंड के ग्राम बड़की मुढ़ारी, मुबारकपुर के ग्रामीणों द्वारा विद्युत कनेक्शन हेतु दो वर्ष पूर्व पैसा जमा कर रसीद कटाया गया है, परन्तु अभीतक उक्त गाँवों का विद्युतीकरण नहीं किया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त गाँवों का विद्युतीकरण कराने का विचार करती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

विकसित करना

* 480. श्री जवाहर प्रसाद-- क्या मंत्री, पर्यटन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के श्रावणी मेला में मां ताराचण्डी धाम पर लगभग पाँच लाख से अधिक श्रधालु प्रतिवर्ष दर्शनार्थ आते हैं, परन्तु इस स्थल को अभीतक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित नहीं किया गया है, यदि हां, तो इसका क्या औचित्य है ?

--------

प्रतिनियुक्ति करना

* 481. श्री कृष्ण कुमार ऋषि--क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत बनमनखी प्रखंड के कोशी शरण पंचायत के मलिनियां गाँव में विगत पाँच वर्षों से रेफरल अस्पताल बना हुआ है लेकिन अभी तक वहां डॉक्टर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई है, यदि हां, तो सरकार उक्त रेफरल अस्पताल में कबतक डॉक्टर एवं अन्य कर्मचारियों को प्रतिनियुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

* 482. श्री अवनीश कुमार सिंह--क्या मंत्री, संसदीय कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्य सचिव, बिहार के पत्रांक 889, दिनांक 11 सितम्बर, 2006 द्वारा आदेश निर्गत है कि माननीय विधायकों के पत्रों पर कृत कार्रवाई की सूचना एक माह के अन्दर संबंधित माननीय विधायक को देना है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्त्ता द्वारा प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग के पत्रांक 320, दिनांक 24 अगस्त, 2011, पत्रांक 321, दिनांक 24 अगस्त, 2011 पत्रांक 322, दिनांक 24 अगस्त, 2011 प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग को पत्रांक 324, दिनांक 24 अगस्त, 2011 पत्रांक 342, दिनांक 12 अक्टूबर, 2011 तथा प्रधान सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग को पत्रांक 277, दिनांक 16 जून, 2011 द्वारा पत्र लिखा गया परन्तु आजतक कृत कार्रवाई की सूचना प्रश्नकर्त्ता को उपलब्ध नहीं कराई गई है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मुख्य सचिव, बिहार के उपरोक्त आदेश को लागू कराने तथा प्रश्नकर्त्ता के उपरोक्त पत्रों से संबंधित सूचना नहीं देने वाले पदाधिकारियों पर कौन-सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

--------

पुनर्वासित करना

* 483. श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार-- क्या मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत परबत्ता प्रखंड तेमथा करारी, कज्जलवन, कोरिआशी, सलारपुर तथा गोगरी प्रखंड के बीरवास, झीमरी, चकहर आदि गाँवों के निवासी नदी के कटाव से वर्ष 2000 से पीड़ित हैं, जिनको अबतक पुनर्वासित नहीं किया जा सका है;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार पीड़ित परिवारों को पुनर्वास कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्वास्थ्य केन्द्र को चालू करना

* 484. श्री विनोद नारायण झा-- क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखंड के खोजपुर एवं घोंघौर गांव में अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र की स्वीकृति सरकार द्वारा वर्ष 2006-07 में दी गई है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र हेतु खोजपुर में भूमिदाता ने वर्ष 2009-10 में भूमि भी मुहैया करा दी है, जबकि घोंघौर में सरकारी भूमि उपलब्ध है;

(3) क्या यह बात सही है कि जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद अभीतक इन दोनों अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्रों का काम प्रारंभ नहीं किया जा सका है;

(4) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित अतिरिक्त स्वास्थ्य केन्द्र को कबतक चालू करने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो क्यों ?

-----------

पटना:
दिनांक 9 दिसम्बर, 2011(ई०)।

श्री गिरीश झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान-सभा।

बि०स०मु० (एल०ए०) 64-डी०टी०पी०-450